देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 175 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**विकास की नीतियां बदलने का वक्त



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 17 अगस्त 2019



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

37018.32

2 मल्टीमीडिया में बढ़ती जॉब की उम्मीदें

7 किशोरों में बढ़ रही मधुमेह की बिमारी

# 'जो 70 साल में नहीं कर पाए, वो 70 दिन में कर दिखाया'

## हरियाणा में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएंगेः अमित शाह

■ अनुच्छेद 370 के मामले में कांग्रेस पर निशाना साधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जींद। गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने हरियाणा के जींद में पार्टी की आस्था रैली को संबोधित किया।

उन्होंने कहा हम इस बार फिर हरियाणा में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से मोदी सरकार द्वारा हटाए गए



अनुच्छेद 370 के मामले में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा जो काम 70 साल में नहीं हो पाया, हमने उसे 70 दिनों में कर दिखाया। अमित शाह ने कहा अनुच्छेद 370 कश्मीर को भारत से जुड़ने से रोकता था। इसके हटने के बाद अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक खुशी की लहर है। जींद के एकलव्य स्टेडियम में भाजपा की ओर से आयोजित आस्था रैली में अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने कभी वोटबैंक का लालच नहीं जाना

**मां भारती की भलाई में फैसले लिए**

पीएम मोदी कभी वोट बैंक के लालच में नहीं पड़े, उन्होंने हमेशा मां भारती की भलाई में फैसले लिए हैं। अमित शाह ने कहा पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण अनुच्छेद 370 को हटाने का काम हुआ है, हरियाणा के वीर शहीदों को इससे बड़ी श्रद्धांजलि नहीं हो सकती है। आज अटल जी की आत्मा पीएम मोदी को हृदय से आशीर्वाद दे रही होगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने 370 वोट से अनुच्छेद 370 हटाया।

### स्वतंत्रता दिवस पर न्यायपालिका और कार्यपालिका में हुई तकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुचारू व्यवस्था के लिए देश में सर्वोच्च अदालत और कार्यपालिका यानि सरकार में समन्वय जरूरी है पर अक्सर कई मुद्दों को लेकर यो आमने-सामने आते रहते हैं। सर्वोच्च अदालत के परिसर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यही नजारा दिखा।

एक बार फिर अदालत के परिसर में न्यायपालिका और कार्यपालिका आमने-सामने आई। यहां चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद दोनों ही मौजूद थे। कई कानूनी मतभेदों के बावजूद चीफ जस्टिस ने कानून मंत्री के पैने तीरों को भी ये कहकर मोड़ दिया कि आजादी की सालगिरह के दिन ऐसी बातें उचित नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारों लोगों को हिरासत में रखने के लिए प्राइवेट प्रॉपर्टीज को किया हायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच कोई एनकाउंटर नहीं हुआ है। लेकिन हजारों लोगों को हिरासत में लेने के बाद प्रशासन के लिए जगह की परेशानी खड़ी हो गई है। लिहाजा राज्य प्रशासन अब प्राइवेट प्रॉपर्टीज को हायर कर रहा है ताकि इन लोगों को वहां समायोजित किया जा सके। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी है। मोदी सरकार की ओर से उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे पूर्व मुख्यमंत्रियों को हिरासत में रखा गया है।

### अभिनेत्री फातिमा सना ब्लैक डीपी के बाद मचा बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख के इंस्टाग्राम अकाउंट का प्रोफाइल फोटो 15 अगस्त के दिन ब्लैक हो गया था। डीपी पर डार्क इमेज लगाने को लेकर फातिमा सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर हैं। ट्रोल्स ने फातिमा पर आरोप लगाया कि उन्होंने पाकिस्तान का सपोर्ट करते हुए ऐसा किया। हालांकि दंगल फेम फातिमा ने खुद ही इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में बताया कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

## विधायक अनंत कुमार के घर पर छापेमारी में एके-47 राइफल बरामद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार के बाहुबली और निर्दलीय विधायक अनंत सिंह के घर छापेमारी करके पुलिस ने एके-47 बरामद किया।

मोकामा से विधायक अनंत सिंह के पैतृक गांव लदमा में पटना ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह से ही छापेमारी शुरू की जो अभी भी जारी है। पुलिस ने विधायक के घर से दो बम भी बरामद किया है। बाहुबली विधायक के ऊपर दर्जनों हत्या और हत्या के प्रयास के केस

■ पुलिस ने घर से दो बम भी किए बरामद



पहले से चल रहे हैं।

बाहुबली विधायक अनंत सिंह पुलिस के रडार पर उस समय जब पिछले दिनों एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ जहां वह अपने सहयोगी के साथ मिलकर अपने विरोधी की हत्या की साजिश रचते हो सुनाई दिए। इसी क्रम में पुलिस ने पिछले ही हफ्ते अनंत सिंह का वॉइस सैंपल टेस्ट भी कराया है।

इधर, पटना में अनंत सिंह ने आनन-फानन में एक प्रेसवार्ता में मुंगेर से जदयू सांसद ललन सिंह पर उन्हें फंसाने का आरोप लगाया। अनंत सिंह ने कहा कि कोर्ट ने उनके संपत्ति की कुर्की जब्ती का आदेश नहीं किया है, बावजूद भी पुलिस ने छापेमारी के दौरान उनके घर पर तोड़फोड़ की है।

## कैबिनेट गठन के लिए दिल्ली में पहुंचे येदियुरप्पा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कर्नाटक में 21 दिनों से बिना मंत्रिपरिषद के बीजेपी की सरकार चला रहे मुख्यमंत्री येदियुरप्पा शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। मोदी के साथ मुलाकात के दौरान कर्नाटक के कुछ और नेता भी साथ रहे। दिल्ली के दो दिवसीय दौरे के दौरान येदियुरप्पा पार्टी अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करने वाले है। माना जा रहा है कि मोदी-शाह के

■ फाइनल होगी मंत्रियों की लिस्ट

साथ बैठक के दौरान येदियुरप्पा अपने मंत्रिपरिषद सहयोगियों की सूची भी फाइनल करेगा। येदियुरप्पा पहले ही बयान दे चुके हैं कि वह पार्टी अध्यक्ष अमित शाह से राय लेने के बाद ही मंत्रियों की सूची फाइनल करुंगा। येदियुरप्पा ने बाढ़ प्रभावित कर्नाटक के लिए आर्थिक मदद और नुकसान के सर्वे के लिए केंद्रीय टीम भेजने की मांग की।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## सिंध नदी का रौद्र रूप 118 आदिवासियों को किया गया रेस्क्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मध्य प्रदेश में इन दिनों बारिश कहर बनकर लोगों पर जारी है। लगातार जारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं,जिसके कारण अभी तक कई लोगों की जान भी जा चुकी हैं। वहीं शिवपुरी में भी लोगों को बारिश का रौद्र रूप देखने को मिला। जहां 27 सालों में पहली बार सिंध नदी उफान पर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों को भी समझ नहीं आ रहा है कि वह करें तो क्या करें। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा का जिम्मा अपने कंधों पर ले लिया है।